प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

उप–मुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हरोली और ऊना सड़क मार्ग पर घालूवाल में वर्ष 1962 में बने सोमभद्रा नदी के पुल को अब डबल लेन किया जाएगा। ऊना में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि इस पुल को फोरलेन मार्ग की तरह अप डाउन के लिए अलग–अलग पुलों के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। जिसके लिए केंद्र सरकार ने करीब 37 करोड रुपए का बजट प्रावधान किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल काफी पुराना हो चुका है जिसके चलते समय के साथ इस पुल को भी स्तरोन्नत किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में होशियारपुर तक इसी सड़क मार्ग को फोरलेन किया जा रहा है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान एच.पी.एम.सी. को अब तक का सबसे ज्यादा पांच करोड़ रूपए का मुनाफा होने का अनुमान है। शिमला में आज एच.पी.एम.सी. की निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये जानकारी दी। जगत सिंह नेगी ने बताया कि एच.पी.एम.सी. ने अब तक का सर्वाधिक दो हजार टन एप्पल कंसंट्रेट का भी उत्पादन किया है। उन्होंने कहा कि निगम  प्रदेश में जल्द ही जिओ थर्मल से सीए स्टोर बनाएगा और इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई है।

विक्रमादित्य सिंह

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण तीन के तहत 2024–25 के बैच एक के लिए प्रदेश में एक सौ 40 करोड़ 90 लाख रूपए की पुल परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में 9 सौ 70 मीटर लम्बाई से अधिक के 21 पुलों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि इनमें से एक सौ 26 करोड़ 81 लाख रूपए का वित्तीय भार ग्रामीण विकास मंत्रालय जबकि शेष 14 करोड़ 9 लाख रूपए का वित्तीय भार राज्य सरकार वहन करेगी।  विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इन पुलों के निर्माण से हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल स्पीति और मंडी जिलों में ग्रामीण संपर्क को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलों को उन्नत किया जाएगा ताकि सड़क संपर्क में सुधार किया जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने इन परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद ने प्रतिष्ठित संस्थानों व संगठनों के साथ अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में उन्होंने संसद में ये बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने होम्योपैथी में अनुसंधान करने और हिमाचल प्रदेश सहित देश में इस पद्धति के छात्रों व चिकित्सकों की अनुसंधान योग्यता का विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

दृष्टिहीन संघ

राज्य दृष्टिहीन संघ अपनी मांगों को लेकर पिछले लम्बे समय से आंदोलनरत हैं। राज्य दृष्टिहीन संगठन के युवा सचिव राजेश ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वे विभिन्न विभागों में खाली पड़े दृष्टिहीन कोटे के बैकलॉग पदों को एक मुश्त भरने की प्रदेश सरकार से मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है लेकिन अभी तक सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि बजट में भी दृष्टिहीनों का ख्याल नहीं रखा गया और न ही उन्हें नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जबतक सरकार दृष्टिहीन के खाली पड़े पदों को नहीं भर लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।